ना देना दोष किस्मत को

ना देना दोष किस्मत को विपत्ति तो सब पर आती है,
विपत्ति तो सब पर आती है, विपत्ति तो सब पर आती है,
ना देना दोष किस्मत को विपत्ति तो सब पर आती है....

विपत्ति आई राजा मोरध्वज पर वचन संतो को दे डाला,
ना देना दोष संतो को विपत्ति तो सब पर आती है,
ना देना दोष किस्मत को विपत्ति तो सब पर आती है....

विपत्ति आई राजा हरिश्चंद्र पर दान में राज दे डाला,
ना देना दोष ऋषियों को विपत्ति तो सब पर आती है,
ना देना दोष किस्मत को विपत्ति तो सब पर आती है....

विपत्ति आई अंधे माता पिता पुत्र सरवन सा खो डाला,
ना देना दोष दशरथ को विपत्ति तो सब पर आती है,
ना देना दोष किस्मत को विपत्ति तो सब पर आती है....

विपत्ति आई राजा दशरथ पर राम वनवास दे डाला,
ना देना दोष केकई को विपत्ति तो सब पर आती है,
ना देना दोष किस्मत को विपत्ति तो सब पर आती है....

विपत्ति आई राजा रावण पर हरण सीता का कर डाला,
ना देना दोष रघुवर को विपत्ति तो सब पर आती है,
ना देना दोष किस्मत को विपत्ति तो सब पर आती है....

विपत्ति आई हम सब भक्तों पर नाम गुरुवर का ले डाला,
विपत्ति सब दूर कर डाली जगत में नाम फैलाया,
ना देना दोष किस्मत को विपत्ति तो सब पर आती है....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26607/title/na-dena-dosh-kismat-ko

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |